ज्ञान-भण्डार प्रकाशन—१

आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान-भण्डार

(शोध प्रतिष्ठान)

ग्रन्थ-सूची

भाग-१

●

सम्पादक
डा० नरेन्द्र भानावत, एम० ए०, पी-एच० डी०
मानद निर्देशक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भण्डार
तथा
प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

●

प्रकाशक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भंडार
लाल भवन, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३

प्रकाशक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भंडार,
लाल भवन, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३

सम्पादक
डॉ० नरेन्द्र भानावत

प्रथम संस्करण १९६८
मूल्य १५.००

मुद्रक
राज प्रिन्टिंग वर्क्स,
किशनपोल बाजार, जयपुर-२

प्रकाशकीय

आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार के हस्तलिखित ग्र थो के सूची-पत्र का प्रथम भाग साहित्य जगत् के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर ज्ञान भडार के सम्बन्ध मे दो शब्द कहना अप्रासगिक न होगा।

श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार का इतिहास अधिक पुराना नही है। स० २०१६ मे स्वर्गीय श्रद्धेय अमरचन्द जी म० सा० की लम्बी अस्वस्थता के कारण आचार्य श्री हस्तीमल जी म० सा० को जयपुर मे कुछ अधिक समय के लिए रुकना पडा। इस अवधि मे लाल भवन के तहखाने की सफाई की गई तो वहा रखे हुए कतिपय हस्तलिखित ग्र थो को बाहर निकाला गया। ये हस्तलिखित ग्र थ अस्त-व्यस्त अवस्था मे थे। इनमे से कई जीर्ण-शीर्ण हो चुके थे। इनकी उपेक्षित दशा की ओर आचार्य श्री हस्तीमल जी म० सा० का ध्यान गया। उन्होंने तथा पं० मुनि श्री लक्ष्मीचन्द जी म० ने इन ग्र थों को सुरक्षित एव व्यवस्थित करने की प्रेरणा दी। स्थानीय प्रतिष्ठित श्रावक स्वर्गीय स्वरूपचद जी सा० चोरडिया (जिनकी अब स्मृति ही शेष है) के सद्‌प्रयत्नो द्वारा वे ग्र थ तो तत्काल सभाल लिये गये पर उसी प्रेरणा के फलस्वरूप पौष शुक्ला चतुर्दशी (आचार्य श्री हस्तीमल जी म० का जन्म-दिवस) को यह ज्ञान भडार अस्तित्व मे आया। इसका नामकरण पूज्य आचार्य श्री विनयचन्द्र जी महाराज के नाम पर किया गया। ये पूज्य कजोडीमल जी म० के शिष्य थे। इनका जन्म स० १८९७ मे आसोज सुदी १४ को फलौदी (मारवाड) मे हुआ। इनके पिता का नाम प्रतापमल जी पु गलिया तथा माता का नाम रभाजी था। सोलह वर्ष की वय मे स० १९१२ मिगसर वदी २ को अपने लघुभाई श्री कस्तूरचद जी के साथ ये दीक्षित हुए। स० १९३७ ज्येष्ठ वदी ५ को अजमेर मे ये आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हुए। ये बडे शान्त स्वभावी, कवि और विद्वान थे। नेत्र–ज्योति क्षीण हो जाने से स० १९५९ से जयपुर मे इनका स्थिरवास रहा। स० १९७२ मिगसर वदी १२ को ७५ वर्ष की आयु मे जयपुर मे ही इनका स्वर्गवास हुआ। इनके उत्तराधिकारी इनके लघु गुरु भाई श्री शोभाचन्द जी म० हुए, जो आचार्य श्री हस्तीमल जी म० के गुरु थे।

प्रारभ में विद्यमान हस्तलिखित ग्र थों का सरक्षण करना ही हमारा उद्देश्य रहा पर धीरे २ कई स्थानो के व्यक्तिगत सग्रह भी हमे भेट स्वरूप प्राप्त होने लगे। कई सन्त-सतियो ने अपने नेश्राय के शास्त्र भी भडार को भेंट करवाये। कतिपय श्रावक सघो ने भी अपने यहाँ के ग्र थ भडार को भेंट मे दिये। अलभ्य महत्त्वपूर्ण प्राचीन ग्र थों को क्रय करने की भी हमारी नीति रही फलस्वरूप हस्तलिखित ग्र थो की संख्या उत्तरोत्तर बढती गई। सम्प्रति भडार मे लगभग बीस हजार हस्तलिखित ग्र थों का विशाल संग्रह है। ग्र थो के अतिरिक्त प्राचीन नक्शो और चित्रो को सगृहीत करने का भी हमारा लक्ष्य रहा। अन्य भडारो मे उपलब्ध महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्र थो की प्रशस्तियो व आवश्यक अगो को फोटो प्रतियाँ भी

पर्याप्त सख्या मे हैं। अनुसधान मे सहायक मुद्रित सदर्भ ग्रथो का भी अच्छा सग्रह करने का प्रयत्न किया गया है। इस विशाल सग्रह मे मूल प्रेरणा परम श्रद्धेय आचार्य श्री हस्तीमल जी म० सा० की ही रही है। यह उन्ही की लगन व निष्ठा का फल है।

स० २०२० मे हमारे अनुरोध पर राजस्थान विश्वविद्यालय के तत्कालीन उपकुलपति डॉ० मोहनसिंह मेहता ने अपने विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ० नरेन्द्र भानावत, एम० ए०, पी-एच. डी की मानद निदेशक के रूप मे सेवाएँ देना स्वीकार किया। तब से डॉ० भानावत इस भडार के अभिन्न अग बने हुये हैं। इस अवधि मे दिल्ली, आगरा, इलाहाबाद, गुजरात, राजस्थान, गोरखपुर आदि विश्वविद्यालयो के कई शोध-छात्रो ने अपनी पी-एच डी उपाधि के लिए भडार मे सगृहीत हस्तलिखित ग्रथो व सदर्भ पुस्तको से लाभ उठाया है।

हमारी प्रारभ से ही यह इच्छा थी (और शोध छात्रो की भी बराबर माग रही) कि भंडार मे सगृहीत हस्तलिखित ग्रथो का विषयवार अकारादि क्रम से सूचीपत्र शीघ्र प्रकाशित हो। इस दिशा में सामान्य रूप से प्रारभिक ग्रथ विवरणिका का ढाचा तो तैयार कर लिया गया था पर विषय-क्रम मे उसका वैज्ञानिक रूप से अवतरण न हो सका। यह कार्य डॉ० भानावत के अथक परिश्रम व अध्यवसाय के द्वारा सम्पादित होकर अब प्रकाश मे आ रहा है। इस महत्त्वपूर्ण एव उपयोगी कार्य के लिए हम डॉ० भानावत व उनके सहयोगियो के प्रति अत्यन्त आभारी हैं। लोक साहित्य के मर्मज्ञ व राजस्थान विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० सत्येन्द्र तथा जैन साहित्य के प्रसिद्ध गवेषक विद्वान श्री अगरचंद नाहटा ने क्रमश प्रस्तावना व भूमिका लिखकर इस ग्रथ का जो गौरव बढाया है, एतदर्थ उनके प्रति हम विशेष आभारी हैं। परम श्रद्धेय आचार्य श्री हस्तीमल जी म० सा० वर्षों से समाज मे ज्ञान-चेतना प्रबुद्ध करने के लिए प्राचीन ग्रथो के सकलन, सरक्षण और प्रकाशन की प्रेरणा देते रहे हैं। ग्रंथ-सूची के सम्बन्ध मे उनका आशीर्वाद पाकर हमारा विशेष उत्साह बढा है।

सूची पत्र के इस प्रथम भाग मे भडार के सामान्य सूचीपत्र के लगभग २५०० ग्रथो का ही विवरण दिया जा सका है जिसमे ३७१० रचनाएँ हैं। इन ग्रथो की कई पाडुलिपियाँ हमे जयपुर के श्रीमती हगामाबाई ढढ्ढा, श्री गुलाबचन्द जी कोठारी, श्री केसरीमल जी भवरलाल जी मूसल, श्रीमती गुमानबाई गोलेछा, श्री लक्ष्मणलाल जी केसरीमल जी चोरडिया, श्री स्वरूपचद जी नवलखा, श्री भूरामल जी सिरेमल जी नवलखा, श्री अमोलकचद जी ढढ्ढा तथा श्री सघ जयपुर से प्राप्त हुई हैं। २५००–२५०० ग्रथो के ऐसे कई भाग प्रकाशित करने की हमारी योजना है। आशा है, आप लोगो से बल और प्रेरणा पाकर हम उसे शीघ्र ही क्रियान्वित कर सकेंगे।

—सोहनमल कोठारी
व्यवस्थापक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भंडार

अनुक्रम

विषय-क्रम

प्राक्कथन

●

आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञानभडार की हस्तलिखित ग्रथ-सूची का प्रथम भाग देखने का अवसर मिला। ग्रथ का सम्पादन वडे परिश्रम और वैज्ञानिक ढंग से किया गया है। सकलित समग्र रचनाओ को विपयानुसार पन्द्रह वर्गों मे विभाजित कर प्रत्येक वर्ग मे समाविष्ट रचनाओ की अकारादि वर्णक्रम से सूची दी गई है। प्रत्येक ग्रन्थ के सम्बन्ध मे ग्रन्थकार, लिपिकार, रचना-काल, लिपिकाल, रचना-स्थल, लिपिस्थल, भापा, विषय, छद-सख्या, पत्र-सख्या, आकार-प्रकार आदि के रूप मे सविस्तार जानकारी दी गई है। ग्रथ के अन्त मे ग्रथकार, लिपिकार, रचना-स्थल, लिपिस्थल, प्रशस्तियां, महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक रचनाए आदि के सम्बन्ध मे परिशिष्ट देकर विद्वान् सम्पादक ने इस कृति को शोधार्थियो के लिए विशेष उपयोगी वना दिया है।

स्थानकवासी समाज मे ज्ञानभडारो मे विद्यमान हस्तलिखित ग्रथो की सूचियो के प्रकाशन का यह पहला ही प्रयास है। राजस्थान और गुजरात के विभिन्न भडारो मे लगभग दो लाख हस्तलिखित प्रतियां उपलब्ध हो सकती है। यदि उन सबकी व्यवस्थित सूचियां वन जाय तो शोधार्थियो को वडा लाभ हो सकता है।

मेरी हार्दिक इच्छा है कि आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार के इस प्रयत्न का अन्यान्य भंडारो मे अनुकरण हो और समाज ज्ञानभडारो का महत्त्व समझकर, श्रुतसेवा मे निरन्तर आगे वढता रहे। इस रूप मे ही हम पूर्वाचार्यों की अमूल्य सेवाओ के प्रति सच्चा सम्मान प्रकट कर सकते हैं।

—आचार्य श्री हस्तीमलजी महाराज

सम्पादकीय

साहित्यिक और ऐतिहासिक अनुसन्धानो मे ग्रथसूचियो का विशेष महत्त्व है। एक प्रकार से ये ग्रंथ-सूचियाँ शोध-कार्य मे आधार-भित्ति काम करती हैं। भारतीय साहित्य की परम्परा बडी समृद्ध और वैविध्यपूर्ण रही है। छापेखाने के आविष्कार से पूर्व यहाँ का साहित्य कठ-परम्परा से लेखन-पराम्परा (लिपिवद्ध रूप) मे अवतरित होकर सुरक्षित रहा। विदेशी आक्रमणकारियो ने यहाँ की सास्कृतिक परम्पराओ को नष्ट करने के लक्ष्य से साहित्य और कला को भी अपना लक्ष्य बनाया। राजघरानो मे सरक्षित बहुत सा साहित्य नष्ट कर दिया गया। राजघरानो मे उपलब्ध वर्तमान साहित्य उस विशाल साहित्य का अल्पाश ही है। व्यक्तिगत सग्रहालय किसी न किसी रूप मे थोडे-बहुत सुरक्षित रहे। पर उनके महत्त्व को ठीक प्रकार से न समझने के कारण बहुत सी महत्त्वपूर्ण पाडुलिपियाँ देश से बाहर चली गई। स्वतन्त्रता के बाद भी यह क्रम जारी है। इस सास्कृतिक निधि की सुरक्षा का प्रश्न राष्ट्रीय स्तर पर हल किया जाना चाहिए।

प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो की दृष्टि से राजस्थान सर्वाधिक समृद्ध प्रदेश है। रेगिस्तानी इलाका होने के कारण विदेशी आक्रमणकारियो से यह थोडा बहुत बचा रहा। इस प्रदेश मे जैनियो की अधिक सख्या होने के कारण भी भारतीय साहित्य का बहुत बडा भाग जैन मन्दिरो और उपाश्रयो के माध्यम से सुरक्षित रहा। जैन श्रावको मे शास्त्र-वाचन और स्वाध्याय की विशेष परम्परा होने के कारण वे महत्त्वपूर्ण ग्रथो का प्रतिलेखन करा कर, उनकी प्रतिलिपियाँ मन्दिरो, उपाश्रयो एव व्यक्तिगत सग्रहालयो मे सुरक्षित रखते। जैन साधु उदार भावना के साथ बहुपठित व बहुप्रचलित जैन तथा जैनेतर ग्रथो की स्वय प्रतिलेखना करते और उनके स्वाध्याय की प्रेरणा देते। श्रुत-सेवा को जैन परम्परा मे विशेष पुण्य का कार्य माना गया है। इस नाते भी विशाल जैन व जैनेतर साहित्य की सुरक्षा हो सकी।

प्राचीन साहित्य का सरक्षण एक बात है और उसका व्यवस्थित वर्गीकृत सूचीकरण दूसरी बात। सरक्षित साहित्य का सम्यक् सदुपयोग तब तक नही किया जा सकता जब तक कि विषयानुसार वर्णक्रम से उसकी सूचियाँ नही बन जाती। हस्तलिखित ग्रथो के वैज्ञानिक सूचीकरण का कार्य सर्वप्रथम योरोपीय विद्वानो ने आरभ किया।

उन्नीसवी शती के प्रारंभ मे योरोपीय विद्वानो का ध्यान भारतीय साहित्य विशेषत जैन साहित्य की ओर गया। बुशनैन (Buchnan) ने अपनी मैसूर, कन्नड, मलाबार, मद्रास, पटना, गया आदि स्थानो की यात्रा के वृत्तान्त मे जैनो के सम्बन्ध मे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाए दी हैं। विल्सन ने सन् १८२८ मे कर्नल मैकेन्जी के सग्रह का विवरणात्मक सूचीपत्र प्रकाशित किया जिसमें कई जैन पाडुलिपियो का वर्णन है। इसमे उन्होने उन ४४ हस्तलिखित ग्रथो का भी विवरण दिया है जो लन्दन मे ईस्ट इण्डिया कम्पनी मे पहुच चुके थे।

जैन शास्त्रो के अनुवाद और उनके वैज्ञानिक सम्पादन की ओर भी योरोपीय विद्वानो का ध्यान गया। सन् १८४७ मे आचार्य हेमचन्द्र कृत 'अभिधान चिन्तामणि' का भूतलिंग (Bohtlingk) और रीउ (Rieu) कृत जर्मन अनुवाद प्रकाशित हुआ। सन् १८४८ मे कल्पसूत्र एव नवतत्त्व प्रकरण का स्टीवेन्सन द्वारा किया गया अग्रेजी अनुवाद सामने आया। वेबर (Weber) ने धनेश्वर सूरि कृत 'शत्रुजय माहात्म्य' का विस्तृत भूमिका के साथ सम्पादन किया जिसका प्रकाशन सन् १८५८ मे लिपजिग (Leipzig) से हुआ। वेबर द्वारा ही 'भगवतीसूत्र' पर किया हुआ महत्त्वपूर्ण कार्य बर्लिन की विसेन्चाफेन (Wissenchaften) अकादमी द्वारा सन् १८६६ मे प्रकाश मे आया। जैकोबी द्वारा सम्पादित 'कल्पसूत्र' का समीक्षात्मक सस्करण सन् १८६७ मे प्रकाशित हुआ। लिउमैन (Leumann) द्वारा 'औपपातिक' व 'आवश्यक' सूत्रो पर किया गया कार्य भी अपना विशेष महत्त्व रखता है। इन विभिन्न ग्रथो के प्रकाशन से जैन सिद्धान्त ही सामने नही आया वरन् भाषा शास्त्रीय अध्ययन के क्षेत्र मे भी कई नये तथ्यो का उद्घाटन हुआ।

वेबर ने बर्लिन की रायल लायब्रेरी मे उपलब्ध जैन पाडुलिपियो का अध्ययन कर कई मूलभूत सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया जो जैन परम्परा और जैन इतिहास को समझने मे बडे सहायक सिद्ध हुए हैं। उक्त पुस्तकालय मे सन् १६४४ तक के खरीदे हुए जैन ग्रन्थो का सूचीपत्र वाल्टर शुब्रिग (Walter Schubring) ने तैयार किया, जिसका प्रकाशन लिपजिग से हुआ। इस सूचीपत्र मे ११२७ ग्रन्थो का विवरण दिया गया है।

बर्लिन मे जो इतने हस्तलिखित जैन ग्रन्थ पहुँचे, उसके मूल मे व्यूह्लर की प्रेरणा रही है। व्युह्लर को बम्बई के शिक्षा-विभाग ने निजी क्षेत्र के सग्रहो का विवरण तैयार करने तथा उपलब्ध हस्तलिखित ग्रन्थो को खरीदने के लिए नियुक्त किया था। व्यूहलर ने तत्कालीन शिक्षा-विभाग से यह अनुमति प्राप्त करली थी कि जिन ग्रन्थो की एक से अधिक प्रतिया उन्हे मिलेगी, उनको वे विदेशी पुस्तकालयो के लिए भी खरीद सकेंगे। व्यूहलर के इस लक्ष्य के कारण ही अनेक महत्त्वपूर्ण जैन ग्रन्थ बर्लिन तक पहुँच सके। व्यूहलर की इस नीति का एक लाभदायक परिणाम यह हुआ कि कई विदेशी अध्यवसायी विद्वान भारत की इस सास्कृतिक निधि का उचित मूल्याकन कर सके और कई भारतीय विद्वानो को वे इस सास्कृतिक थाती को उजागर करने की प्रेरणा दे सके।

ग्रन्थ-सूचियो के निर्माण मे आदर्श कार्य क्लाट (Klatt) ने किया। उन्होने जैन ग्रथकारो और ग्रथो की लगभग १५०० पृष्ठो की विस्तृत अनुक्रमणिका तैयार की पर उनके असामयिक निधन से यह कार्य विशेष सामने नही आ पाया। वेबर और लिउमैन ने उनके सकलन मे से ही कोई ५५ पृष्ठ नमूने के रूप मे छपाये है।[1] क्लाट के बाद ग्रथ-सूचियो के निर्माताओ मे ग्यूरिनाट (Guerinot) का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने सन् १६०६ में जैन ग्रथ-सूची पर अपना निबन्ध प्रकाशित कराया। सन् १६०८ में उन्होंने जैन शिलालेखो पर भी अपना निबन्ध प्रस्तुत किया। ल्युडर्स (Luders) ने भी अपने ब्राह्मी-लेखो की सूची में जैन पट्टावली और जैन परम्परा पर सम्यक् प्रकाश डाला है।[2] इन विभिन्न प्रयत्नो के फल-

१—Indian Antiquary, P. 23, 169

२—एपिग्राफिया एण्डिका, भाग १०, परि०।

स्वरूप ग्रंथ-सग्रहो के कई विवरण, अज्ञात ग्रंथो के मूलपाठ, चूर्णिकाए, अवचूरिया, बालावबोध आदि प्रकाश में आये जिनसे प्रेरणा लेकर कई विदेशी विद्वानो ने समीक्षात्मक निबध लिखे।

राजस्थान में प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो के सरक्षण की दिशा में जिस नव चेतना का उदय हुआ उसके मूल मे कर्नल टॉड व डा० एल० पी० तैस्सितोरि की प्रेरणा रही है। डा० तैस्सितोरि जैनाचार्य विजय धर्म सूरिजी से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्ही की प्रेरणा से इटली मे रहते हुए भी उन्होने जैनदर्शन का अच्छा अध्ययन कर लिया जिसके फलस्वरूप वे 'उपदेशमाला', इद्रियपराजय शतक', 'करकण्डु कथा', आदि जैन ग्रथो का इटालियन भाषा में रूपान्तर प्रस्तुत कर सके। सन् १९१४ में जब उनका भारत में आना हुआ तो उन्होने राजस्थान को ही अपना विशेष कार्य क्षेत्र चुना। अन्तिम समय तक वे राजस्थान मे बिखरे पड़े ग्रंथ-रत्नो की खोज में लगे रहे।

तैस्सितोरि ने जोधपुर और बीकानेर क्षेत्र के ग्रथ भण्डारो का अवलोकन कर, उनका वर्णनात्मक परिचय चार रिपोर्टों में प्रस्तुत किया है।[1] इस विवरण-प्रस्तुति मे उन्हे कडे परिश्रम के साथ-साथ बडी मुसीबतो का भी सामना करना पडा। नागौर के भण्डार से सम्बन्धित कठिनाई का उल्लेख करते हुए उन्होने लिखा है, गये हफ्ते में नागौर गया था। जाने का कारण यह था कि नागौर मे दिगम्बरो का एक बडा भण्डार है जिसमे लगभग दस हजार हस्तलिखित ग्रथ हैं। ऐसा सुनने मे आया कि वह भण्डार सदैव बन्द रहता है और उसका अधिकारी भट्टारक खोलने की इन्कारी करता है। अत जोधपुर दरबार का आज्ञा पत्र लेकर गया था फिर भी भट्टारक ने कुछ नही दिखलाया। अफसोस की बात है कि इतनी प्राचीन और अमूल्य पुस्तकें कीडो का खाद्य होगी।[2]

तैस्सितोरि के इस पत्राश से उस समय के ग्रथ भण्डारो के अधिकारियो की सामान्य मनोवृत्ति का पता चलता है। अब शनै शनै. इस प्रकार की मनोवृत्ति दूर होने लगी है। पर अब भी कई ऐसे ग्रथ भण्डार राजस्थान मे हैं जो उपर्युक्त मनोवृत्ति से अलग नही हो पाये हैं। हम जिस अनुपात मे ग्रथ-भण्डारो को सार्वजनीन रूप दे पायेंगे, उसी अनुपात में जैन दर्शन, जैन साहित्य और जैन सस्कृति की अधिकाधिक सेवा कर सकेंगे, यह बात ध्यान मे रखी जानी चाहिए।

स्वतत्रता के बाद राजस्थान साहित्यानुसधान के कार्य मे काफी आगे बढा है। राजस्थान सरकार ने जोधपुर में 'राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान' नाम से शोध केन्द्र स्थापित किया है जिसकी मुख्य प्रवृत्ति महत्त्वपूर्ण प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो को सगृहीत व प्रकाशित करने की है। इस केन्द्र को बीकानेर, जयपुर,

---

१—(क) A Descriptive Catalogue of Bardic and Historical Manuscripts (Bardic Poetry) Pt I & II.

(ख) A Descriptive Catalogue of Bardic and Historical Manuscripts (Prose Chronicles) Pt I & II.

२—अपने गुरु जैनाचार्य विजयधर्म सूरि को लिखा गया १३—९—१९१४ का पत्राश

उदयपुर, कोटा, चित्तौडगढ आदि स्थानो पर शाखाए भी हैं। इस के अतिरिक्त राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त कई शोधसस्थाए कार्यरत हैं जिनमें साहित्य सस्थान, उदयपुर, भारतीय विद्या मदिर शोध प्रतिष्ठान वीकानेर और राजस्थानी शोध सस्थान, चौपासनी विशेष महत्त्वपूर्ण हैं।

स्वतन्त्र रूप से प्राचीन हस्तलिखित ग्र थो के सरक्षरण का कार्य करने वाली सस्थाओ मे अभय जैन ग्र थालय, वीकानेर, महावीर भवन, जयपुर और आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार, जयपुर विशेष उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त छोटे-वडे कई भडार हैं जिनमें हजारो हस्तलिखित ग्र थ सगृहीत हैं, पर व्यवस्था के अभाव मे अद्यावधि उनका कोई सम्यक् उपयोग नही हो पा रहा है।

राजस्थान के ग्र थ भण्डारो के सूचीपत्रो के प्रकाशन की दिशा मे थोडा वहुत कार्य अवश्य हुआ है, पर वह पर्याप्त नही है। वीकानेर को अनूप सस्कृत लायब्रेरी व उदयपुर के सरस्वती भवन के हस्तलिखित ग्र थो के सूचीपत्र पहले प्रकाशित हुए थे। साहित्य सस्थान, उदयपुर की ओर से हस्तलिखित ग्र थो के ४ भाग प्रकाशित हो चुके हैं। राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर व जयपुर के हस्तलिखित ग्र थो के भी कुछ भाग प्रकाशित हुए हैं। राजस्थानी शोध सस्थान, चौपासनी के हस्तलिखित ग्र थो का विवरण काफी समय से मुद्रणाधीन है। महावीर भवन, जयपुर ने इस दिशा मे अनुकरणीय कार्य किया है। वहाँ से अब तक राजस्थान के जैन शास्त्र भडारो की ग्र थ सूचियो के चार भाग प्रकाशित हो चुके हैं। प्रस्तुत ग्र थ द्वारा आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार के हस्तलिखित ग्र थो का पहला भाग सामने आ रहा है। यदि राजस्थान के सभी भडारो की व्यवस्थित सूचिया प्रकाशित होकर सामने आ जाय तो साहित्य-जगत् व अनुसधित्सुओ का कितना वडा हित हो।

विश्वविद्यालयो मे इन वर्षों मे जैन साहित्य और जैन सस्कृति के अध्ययन की ओर विशेष आकर्षण लक्षित होता है। कुछेक विश्वविद्यालयो मे प्राकृत भाषा के अध्ययन की भी व्यवस्था है। विहार मे प्राकृत जैन विद्यापीठ, वैशाली की स्थापना इस जागरण का ही प्रतीक है। पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान, वाराणसी और लालभाई दलपतभाई भारतीय सस्कृति विद्यामदिर, अहमदाबाद जैन विद्या के अध्ययन की दिशा मे महत्त्वपूर्ण शोध प्रतिष्ठान हैं। पिछले दो दशको मे भारतीय विश्वविद्यालयो मे जैन साहित्य और जैन सस्कृति के सम्बन्ध मे महत्त्वपूर्ण शोध कार्य हुआ है, पर उसकी व्यवस्थित समग्र जानकारी न होने से उसकी उपलब्धियो का अद्यावधि समुचित मूल्याकन नहीं हो पाया है। यथाप्रसग यहाँ इस दिशा मे अब तक जो कार्य हुआ है, या हो रहा है, उसकी विवरणिका प्रस्तुत की जा रही है[1]—

१—ज्ञानपीठ पत्रिका अक्तूबर, १९६८

विषय तथा उपाधि	विश्वविद्यालय का नाम	शोधकर्त्ता का नाम पता
१. लाइफ इन एंशियंट इंडिया ऐज डिपिक्टेड इन जैन केनन (पी-एच. डी, (अंगरेजी)	बम्बई विश्वविद्यालय १९४४ (प्रकाशित)	डॉ० जगदीशचन्द्र जैन, २८, शिवाजी पार्क, बम्बई-२८
२ स्टडीज इन जैन फिलासफी (डी० लिट्, अंगरेजी)	कलकत्ता विश्वविद्यालय (प्रकाशित)	डॉ० नथमल टाटिया, डायरेक्टर. प्राकृत जैन विद्यापीठ, वैशाली (बिहार)
३. प्राकृत, अपभ्रंश साहित्य और हिन्दी पर उसका प्रभाव (पी-एच० डी०, हिन्दी)	इलाहाबाद विश्वविद्यालय १९५१ (प्रकाशित)	डॉ० रामसिंह तोमर अध्यक्ष हिन्दी विभाग विश्वभारती, शान्ति-निकेतन
४. जैन एपिस्टीमोलाजी (पी-एच०डी, अंगरेजी)	हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी १९५२ (अप्रकाशित)	डॉ० इन्द्रचन्द्र शास्त्री १०।१७ शक्तिनगर, दिल्ली-७
५ अपभ्रंश साहित्य (पी-एच० डी०, हिन्दी)	दिल्ली विश्वविद्यालय १९५२ (प्रकाशित)	डॉ० हरिवंश कोछड
६ पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इंडिया फ्रॉम जैन सोर्सेज (पी-एच० डी०, अंगरेजी)	हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी (पार्श्वनाथ विद्याश्रम) १९५४ (प्रकाशित)	डॉ० गुलाबचन्द्र चौधरी, नालन्दा पालि संस्थान, नालन्दा (बिहार)
७. जैनिज्म इन राजस्थान (पी-एच० डी० अंगरेजी)	राजस्थान विश्वविद्यालय १९५४-५५ (प्रकाशित)	डॉ० कैलाशचन्द्र जैन, इतिहास विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
८. जैन कर्म-सिद्धान्त का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण (पी-एच० डी०, अंगरेजी)	हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी १९५५ (प्रकाशित)	डॉ० मोहनलाल मेहता, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध-संस्थान, वाराणसी-५
९ जैन राजनीति (पी-एच० डी०, अंगरेजी)	आगरा विश्वविद्यालय, (अप्रकाशित)	डॉ० श्यामसिंह जैन, प्रिंसीपल, के० वी० कालेज, मिर्जापुर

१०. स्टडीज इन द जैन सोर्सेज ऑव द हिस्ट्री ऑव एन्सिएन्ट इंडिया (१००० बी० सी०–९०० ए० डी०) (पी-एच० डी०, अँगरेजी)	आगरा विश्वविद्यालय १९५६	डॉ० ज्योतिप्रसाद जैन, ज्योति निकुंज, चार बाग, लखनऊ (उ० प्र०)
११. जैन आगम शास्त्र के अनुसार मानव व्यक्तित्व का विकास (पी-एच० डी०, हिन्दी)	सागर विश्वविद्यालय १९५७ (अप्रकाशित)	डॉ० हरीन्द्रभूषण जैन, संस्कृत विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
१२ अपभ्रंश साहित्य (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय, १९५७ (प्रकाशित)	डॉ० देवेन्द्रकुमार जैन, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग होल्कर कालेज, इन्दौर
१३. अपभ्रंश काव्य परम्परा और विद्यापति (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय १९५८	डॉ० अम्बादत्त पन्त
१४ ए क्रिटिकल एण्ड कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ रिलीजन एण्ड इथिक्स। (पी-एच. डी., अँगरेजी)	हिंदू विश्वविद्यालय, १९५८ (अप्रकाशित)	डॉ० बी० बी० रायनाडे, दर्शन विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
१५. छठी से आठवी शताब्दी के हिन्दी जैन लेखक (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय (अप्रकाशित)	डॉ० धन्यकुमार जैन, अलीगढ
१६ हिन्दी जैन भक्ति काव्य मे जैन साहित्य का योगदान (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय, १९५९ (प्रकाशित)	डॉ० प्रेमसागर जैन, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, दि० जैन कालेज, बडौत
१७ आचार्य पुष्पदन्त : एक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय, १९५९ (अप्रकाशित)	डॉ० राजकुमार जैन, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, आगरा कालेज, आगरा
१८. कविवर बनारसीदास, जीवनी और कृतित्व (पी-एच० डी०. हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय, १९५९ (प्रकाशित)	डॉ० रवीन्द्रकुमार जैन, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति, (आन्ध्र)

१९.	भट्टारक सम्प्रदाय (पी-एच०डी०, हिन्दी)	नागपुर विश्वविद्यालय १९५९ (प्रकाशित)	डॉ० विद्याधर जोहरापुरकर, ग०कालिज, मडला
२०	आदिकालीन हिन्दी जैन साहित्य (पी-एच०डी०, हिन्दी)	इलाहाबाद विश्वविद्यालय १९५९	डॉ० हरिशंकर शर्मा
२१.	जैन धर्म मे आत्मा का स्वरूप (पी-एच० डी०, अंगरेजी)	आगरा विश्वविद्यालय, १९६० (अप्रकाशित)	डॉ० सुमतिचन्द्र जैन, जे ११।४१ राजोरी गार्डन, नई दिल्ली
२२	भगवतीसूत्र : एक अध्ययन (पी-एच डी०, अंगरेजो)	बिहार विश्वविद्यालय, १९६० (प्रकाशित)	डॉ० जे० सी० सिंकदार एल० डी० इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलाजी अहमदावाद–९
२३	जैन भंडार्स इन राजस्थान (पी-एच० डी०, अंग्रेजी)	राज० विश्वविद्यालय (प्रकाशित)	डॉ० कस्तूरचन्द कासलीवाल, महावीर भवन, जयपुर–३
२४	एथिकल डाक्ट्रिन्स इन जैनिज्म (पी-एच०डी०, अंगरेजी)	राजस्थान विश्वविद्यालय १९६१ (प्रकाशित)	डॉ०कमलचन्द सोगानी, १०६ अशोकनगर, उदयपुर
२५	प्राचीन हिन्दी साहित्य पर जैन साहित्य का प्रभाव (पी-एच० डी०, हिन्दी)	अलीगढ विश्वविद्यालय १९६१	डॉ० धन्यकुमार जैन
२६.	हरिभद्र के प्राकृत कथा साहित्य का आलोचनात्मक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	विहार विश्वविद्यालय १९६१ (प्रकाशित)	डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, भोला भवन, १, महाजन टोली, आरा (विहार)
२७	जैन कवि स्वयभू कृत पउमचरिउ तथा तुलसी कृत रामायण (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय १९६२ (अप्रकाशित)	डॉ० ओमप्रकाश दीक्षित, हिन्दी विभागाध्यक्ष, जे० बी० कालेज, सहारनपुर
२८	राजस्थानी वेलि साहित्य (पी-एच० डी०, हिन्दी)	राज० विश्वविद्यालय १९६२ (प्रकाशित)	डॉ० नरेन्द्र भानावत, सी० २३५ ए, तिलकनगर, जयपुर–४

२६	ए क्रिटिकल स्टडी ग्राफ पउमचरिय ग्रॉफ् विमल सूरि (पी-एच० डी०, अँगरेजी)	प्राकृत जैन विद्यापीठ, वैशाली १९६२ (अप्रकाशित)	डॉ० के० ऋषभचन्द्र, सीनियर रिसर्च ग्राफिसर, एल० डी० इस्टीट्यूट ग्रॉफ इडोलोजी, ग्रहमदावाद–९
३०	ग्राचार्य कुन्दकुन्द का दर्शन (पी-एच० डी०, अँगरेजी)	ग्रागरा विश्वविद्यालय १९६३ (ग्रप्रकाशित)	डॉ० प्रद्युम्नकुमार जैन, गवर्नमेण्ट कालेज, टिहरी, गढवाल
३१	पउमचरिउ ग्रौर रामचरित मानस का तुलनात्मक ग्रध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	बिहार विश्वविद्यालय १९६३ (ग्रप्रकाशित)	डॉ० देवेन्द्रनारायण शर्मा, वैशाली शोध सस्थान, वैशाली, जिला मुजफ्फरपुर
३२	प्राचीन हिन्दी काव्य मे ग्रहिंसा के तत्त्व (पी-एच०डी०, हिन्दी)	बिहार विश्वविद्यालय १९६३	डॉ० विद्यानाथ मिश्र, हिन्दी विभाग, रामदयालु सिंह कालेज, मुजफ्फरपुर
३३.	सोमदेव : एक राजनीतिक विचारक (पी-एच० डी०, हिन्दी)	ग्रागरा विश्वविद्यालय १९६४ (ग्रप्रकाशित)	डॉ० पुण्यमित्र जैन, महावीर दि० जैन कालेज, ग्रागरा
३४.	भविसयत्त कहा ग्रौर ग्रपभ्रंश कथाकाव्य (पी-एच०डी०, हिन्दी)	ग्रागरा विश्वविद्यालय १९६४ (ग्रप्रकाशित)	डॉ० देवेन्द्रकुमार शास्त्री, हिन्दी विभाग, राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (म० प्र०)
३५	संस्कृत साहित्य को जैन कवियो का योगदान (डी० लिट्०, हिन्दी)	मगध विश्वविद्यालय १९६५ (ग्रप्रकाशित)	डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, भोला भवन, १, महाजन टोली, ग्रारा (बिहार)
३६.	सोमदेव कृत यशस्तिलक का सास्कृतिक ग्रध्ययन (पी-एच०डी०, हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय (पार्श्वनाथ विद्याश्रम) १९६५ (प्रकाशित)	डॉ० गोकुलचन्द्र जैन, कृष्ण निवास, गुरुबाग, वाराणसी–१
३७	कन्नड शासनो का सास्कृतिक ग्रध्ययन (पी. एच. डी.)	मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर (प्रकाशित)	डॉ० चिदानन्द मूर्ति मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर

३८. आचार्य कुन्दकुन्द और उनका समयसार (पी-एच०डी०,हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय १६६५ (अप्रकाशित)	डॉ० लालवहादुर जैन शास्त्री, २५०१६ वी प्रताप गली, गांधी नगर, दिल्ली
३९ ए कम्पैरेटिव स्टडी ऑफ बुद्धिस्ट विनय एण्ड जैन आचार (अँग्रेजी, पी-एच० डी०)	विहार विश्वविद्यालय १६६४-६५ (अप्रकाशित)	डॉ० नन्दकिशोर प्रसाद, सारनाथ (वाराणसी)
४०. ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ द वर्क्स आफ महाकवि रयधू (पी-एच० डी०, हिन्दी)	बिहार विश्वविद्यालय १६६४-६५ (अप्रकाशित)	डॉ० राजाराम जैन, ह०द० जैन कालेज, आरा
४१ जैनिज्म इन बुद्धिस्ट लिटरेचर (पी-एच०डी०, अँगरेजी)	विद्योदय विश्वविद्यालय श्रीलका, १६६६ (अप्रकाशित)	डॉ० भागचन्द्र जैन, प्राकृत एव पालि विभाग, नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर
४२. आदिपुराण का सास्कृतिक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय १६६६ (अप्रकाशित)	डॉ० सिद्धनाथ झा, इस्टीट्यूट आफ ओरियंटल फिलासफी, वृन्दावन(मथुरा)
४३. अपभ्रश के स्फुट साहित्यिक मुक्तक(पी-एच० डी०, हिन्दी)	विहार विश्वविद्यालय १६६६-६७ (अप्रकाशित)	डॉ०एन०पी० शर्मा, प्राकृत विद्यापीठ वैशाली (बिहार)
४४. जिनसेन के हरिवशपुराण का आलोचनात्मक अध्यन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	विहार विश्वविद्यालय १६६६-६७ (अप्रकाशित)	डॉ० सूर्यदेव पाण्डेय, पी० वी० कालेजिएट स्कूल, मुजफ्फरपुर (विहार)
४५. कन्सेप्ट ऑव ओमनीसाइन्स (पी-एच०डी०, अँग्रेजी)	भागलपुर विश्वविद्यालय १६६७	डॉ० रामजी सिंह
४६. जैनाचार्य रविषेणकृत पद्मपुराण एव तुलसीकृत रामचरितमानस का तुलनात्मक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	आगरा विश्वविद्यालय १६६७	डॉ० रमाकान्त शुक्ल

४७. जैन और बौद्ध आगमो मे नारी-जीवन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय (पार्श्वनाथ विद्याश्रम) १९६७ (प्रकाशित)	डॉ० कोमलचन्द्र जैन संस्कृत विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी-५
४८ आचार्य जिनसेनकृत महापुराण के आधार पर ऋषभ तथा भरत के जीवनचरित्रों का तुलनात्मक अध्ययन (पी-एच०डी, हिन्दी)	सागर विद्यालय (अप्रकाशित)	डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी, भूतपूर्व एम० एल० ए०, छतरपुर (म० प्र०)
४९. आचारागसूत्र का समालोचनात्मक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	सागर विश्वविद्यालय १९६८ (अप्रकाशित)	डॉ० परमेष्ठीदास जैन, ५५ लक्ष्मीपुरा, सागर
५० ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ द लाइफ ऑफ जम्बूसामि आन द बेसिस ऑफ जबूसामि चरिउ ऑफ वीर (पी-एच०डी०, हिन्दी)	जबलपुर विश्वविद्यालय १९६८ (प्रकाशित)	डॉ०विमलप्रकाश जैन पालि-प्राकृत विभाग, जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर
५१ डाक्ट्रिन ऑव मेटर इन जैनिज्म(डी लिट्., अँगरेजी)	जबलपुर विश्वविद्यालय १९६८ (अप्रकाशित)	डॉ० जे० सी० सिकदार एल० डी० इन्स्टीट्यूट ऑव इण्डोलॉजी, अहमदाबाद
५२. उत्तराध्ययन सूत्र का समालोचनात्मक अध्ययन (पी-एच० डी०,हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय (पार्श्वनाथ विद्याश्रम) १९६८ (अप्रकाशित)	डॉ० सुदर्शनलाल जैन, संस्कृत विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी-५
५३ जैनधर्म मे अहिंसा-विचार (पी-एच०डी० हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय (पार्श्वनाथ विद्याश्रम) १९६८ (अप्रकाशित)	डॉ० वशिष्ठनारायण सिन्हा, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान, वाराणसी-५
५४. भिक्षु साहित्य का समालोचनात्मक अध्ययन (पी-एच० डी०, हिन्दी)	विहार विश्वविद्यालय प्राकृत जैन विद्यापीठ १९६८	डॉ० छगनलाल शास्त्री, सरदारशहर (राज०

५५. जैन तर्कशास्त्र मे अनुमान प्रमाण (पी-एच० डी०, हिन्दी)	हिन्दू विश्वविद्यालय १९६८	डॉ० दरबारीलाल कोठिया चमेलीकुटीर, डुमरांव बाग, अस्सी, वाराणसी
५६ मध्यकालीन हिन्दी जैन साहित्य	मगध विश्वविद्यालय	प्रो० गदाधरसिंह हिन्दी विभाग, अनुग्रह-नारायण कालिज, बाढ़ (बिहार)
५७ १३ वी १४ वी शताब्दी का जैन सस्कृत महाकाव्य (पी. एच. डी, हिन्दी)	राज० विश्वविद्यालय (अप्रकाशित)	डॉ० श्यामशंकर दीक्षित हिन्दी विभाग, राज० विश्वविद्यालय, जयपुर

शोध-कर्ता

१ आगरा विश्वविद्यालय

डी० लिट्० के लिए

१. जैन राजनीति (अंगरेजी)	डॉ० श्यामसिंह जैन, प्रिंसीपल, के० वी० कालेज, मिर्जापुर (उ० प्र०)
२ आचार्य जिनसेन : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	डॉ० राजकुमार जैन, आगरा कालेज, आगरा
३. हिन्दी के जैन पुराणो की परम्परा का हिन्दी के अन्य पुराणो की तुलना मे अध्ययन	डॉ० रवीन्द्रकुमार जैन, हिन्दी विभाग, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति (आन्ध्र प्रदेश)
४. मध्यकालीन जैन हिन्दी काव्य मे रहस्यवाद और उसका तुलनात्मक विवेचन	डॉ० प्रेमसागर जैन, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, दिगम्बर जैन कालेज, बडौत (मेरठ)
५. हिन्दी जैन कवियो का काव्यशास्त्रीय अध्ययन	डॉ० महेन्द्रसागर प्रचडिया, वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ
६. आठवी से दशवी शताब्दी तक भारतीय राजनीतिक चिन्तनधारा का अध्ययन	डॉ० पुष्यमित्र जैन, जैन कालेज, आगरा

पी-एच० डी० के लिए

७ हिन्दी गद्य साहित्य को जैन लेखकों की देन	श्री चन्द्रपाल शर्मा, म० दि० जैन कालेज, आगरा

८ जैन गणित	श्री हरिश्चन्द्र गर्ग, जैन कालेज, आगरा
९. प० आशाधर . व्यक्तित्व और कृतित्व	श्री कपूरचन्द जैन, भगवा, छतरपुर (म० प्र०)
१० पद्मपुराण तथा रविषेणाचार्यकृत पद्मचरित का तुलनात्मक अध्ययक	श्री शिखरचन्द्र जैन, पो० तिजारा, अलवर, (राजस्थान)
११. हेमचन्द्राचार्यकृत त्रिषष्टिशलाका-महापुराण का तुलनात्मक तथा आलोचनात्मक अध्ययन	श्री कुन्दनलाल जैन, ६८ विश्वास रोड, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली—३२
१२. धनंजयकृत द्विसन्धान महाकाव्य का तुलनात्मक अध्ययन	श्री शिवदत्त गुप्त, पो० परासिया (छिन्दवाडा)
१३. जैन तत्त्व मीमासा : तुलनात्मक अध्ययन	श्री उदयचन्द्र जैन, सस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी—५
१४. हिन्दी मे जैन कथा साहित्य	श्री फूलचन्द जैन, प्राध्यापक, जैन कालेज आगरा (उ० प्र०)
१५. सस्कृत स्तोत्र साहित्य मे आचार्य समन्तभद्र का योगदान	श्री गणेशीलाल जैन, महावीर दि० जैन कालेज, आगरा (उ० प्र०)
१६ हिन्दी का जैन पूजा साहित्य	सुश्री कृष्णा वार्ष्णेय, द्वारा—डॉ० महेन्द्र सागर प्रचडिया, वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ
१७. महाकवि भूधरदास	श्री ब्रजेन्द्रसिंह चौहान, वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ़
१८ जैन रास साहित्य	श्री जगवीर किशोर जैन, वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ़
१९. हिन्दी मे राम विषयक जैन साहित्य	श्री कल्याणचन्द्र जैन, आगरा वि० वि० आगरा
२०. महाकवि स्वयम्भू	श्री सकटा प्रसाद उपाध्याय, आगरा वि० वि०, आगरा
२१ महाकवि पुष्पदन्त	श्री राजनारायण पाण्डेय, आगरा वि० वि०, आगरा
२२ हिन्दी जैन साहित्य मे कृष्ण वार्ता	श्री एम० पी० कोटिया, आगरा वि० वि० आगरा
२३ अपभ्रश जैन प्रेमाख्यानक काव्य (१००० से १२००)	श्री पारसमल जैन, आगरा वि० वि०, आगरा
२४. सस्कृत गद्य साहित्य मे गद्य चिन्तामणि का स्थान एव समीक्षात्मक अध्ययन	प० भगवतशरण शर्मा, जैन कालिज आगरा
२५. हिन्दी जैन पद साहित्य १५ वी शताब्दी के प्रारम्भ से आधुनिक काल पर्यन्त	श्री गोकुलप्रसाद जैन, ५१ रामनगर, नई दिल्ली—१

२६. जैन चम्पू काव्य : एक साहित्यिक तथा आलोचनात्मक अध्ययन — श्री जयन्तीप्रसाद जैन कानूनगो मोहल्ला खतौली, मुजफ्फरपुर (उ० प्र०)

२७. रीतिकालीन कवियो के हिन्दी प्रबन्ध काव्य — श्री लालचन्द्र जैन, वसवा, जयपुर (राज०)

२८ गणित और ज्योतिष के विकास मे जैन कवियो का योगदान — श्री मुकुटबिहारी लाल, जैन साहित्य शोध सस्थान, हरिपर्वत, आगरा—२

२९ चन्द्रप्रभचरित महाकाव्य : एक अध्ययन — जयदेवी जैन, द्वारा श्री खेमचन्द्र जैन, ५४ एफ, कमला नगर नई दिल्ली—६

२. इन्दौर विश्वविद्यालय

३०. अपभ्रंश चरित काव्यो मे शृगार भावना — श्रीमती स्नेहलता कासलीवाल, इन्द्र भवन, साउथ तुकोगज, इन्दौर (म० प्र०)

३१. जैन साहित्य मे राम-कथा — श्री अक्षयकुमार जैन, लोधीपुरा २, इन्दौर (म० प्र०)

३२. पुष्पदन्त का कृष्ण और राम-काव्य — सुश्री मेड्शी कपूर, कपूर निवास, ३ साउथ तुकोगज, इन्दौर (म० प्र०)

३३. श्री करकण्डुचरिउ—सन्दर्भ शिल्प और भाषा . एक अध्ययन — श्री धन्नालाल जैन, द्वारा डॉ० डी० के जैन ११, उषानगर, इन्दौर (म० प्र०)

३. इलाहाबाद विश्वविद्यालय

३४. धर्मशर्माभ्युदय महाकाव्य का तुलनात्मक और समालोचनात्मक अध्ययन — सुश्री स्वप्ना बनर्जी, सस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

४ उदयपुर विश्वविद्यालय

३५ जैन मिस्टिसिज्म — सुश्री शान्ति जैन, प्लाट नम्बर ४८-ए, नारायण निवास कालोनी, रामबाग रोड, जयपुर

५. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

३६. क्रिटिकल स्टडी ऑव तिलकमजरी ऑव धनपाल, — श्री एस० के० शर्मा, सस्कृत विभाग कुरुक्षेत्र वि० वि०, कुरुक्षेत्र

३७. कन्सेप्ट ऑव सरस्वती इन वैदिक एण्ड पास्ट वैदिक पीरियड — श्री आर० एन० अैरी, सस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र वि० वि०, कुरुक्षेत्र

६२.	वादीभसिंहसूरि और उनका काव्य	श्री शीलचन्द जैन, २६० तिलक नगर, इन्दौर (म० प्र०)
६३.	जैन स्तोत्र साहित्य का आलोचनात्मक अध्ययन	श्री कुलभूषण लोखडे, द्वारा-सस्कृत विभाग माधव कालेज, उज्जैन (म० प्र०)

१३ सागर विश्वविद्यालय

६४	मध्यप्रदेश मे जैनधर्म का विकास १२०० ई० तक	श्री गोपीलाल अमर, ५७ लक्ष्मीपुरा, सागर (म० प्र०)
६५.	देवगढ की जैन कला का सास्कृतिक अध्ययन	श्री भागचन्द्र जैन, महात्मा गान्धी कालेज, इटारसी (म० प्र०)
६६	मध्यप्रदेश के प्राचीन जैन अभिलेखो का अध्ययन,	श्री कस्तूरचन्द्र जैन, शा० उ० मा० शाला, पो० लामटा, बालाघाट (म० प्र०)
६७.	जैन पुराणो मे नारी	श्रीमती आशा मलैया, द्वारा श्री मूलचन्द्र लक्ष्मीचन्द मलैया, कटरा बाजार, सागर (म० प्र०)

१४ हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

६८.	अपभ्रंश कथाकाव्यो के शिल्प का हिन्दी प्रेमाख्यानको के शिल्प पर प्रभाव	श्री प्रेमचन्द्र जैन, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-५
६९	धनपालकृत तिलकमजरी का आलोचनात्मक अध्ययन	श्री जगन्नाथ पाठक, सस्कृत विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-५
७०	ए कल्चरल स्टडी ऑव निशीथचूर्णि	श्रीमति मधु सेन, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५
७१	आगम साहित्य मे जैन आचार	श्री अजित शुकदेव शर्मा, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५
७२.	जैन हिस्टोरियोग्राफी	कुमारी मजु वर्मा, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५
७३	पश्चिमी भारत के जैन मन्दिर	श्री हरिहर सिंह, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५
७४.	जैन योग का आलोचनात्मक अध्ययन	श्री अर्हद्दास दिगे, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५
७५.	भारतवर्ष का प्राचीन भूगोल जैन स्रोतो के अनुसार (७०० से १२०० ई० तक)	श्री सकटाप्रसाद, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी-५

उपर्युक्त विवरणिका से सूचित होता है कि जैन परम्परा और जैन संस्कृति कितनी समृद्ध, कितनी वैविध्यपूर्ण और कितनी विशाल है। जैन विद्या के विभिन्न परिपार्श्वों व पहलुओं के अध्ययन मे ज्ञात से भी अज्ञात सामग्री अधिक सहायक होती है। कहना न होगा कि अज्ञात सामग्री को प्रकाश मे लाने वाले दीपाधार हस्तलिखित ग्र थो के सूचीपत्र ही हैं।

ग्र थ-सूचियो के निर्माण मे कई कठिनाइयो का सामना करना पडता है। प्रत्येक पाडुलिपि को सावधानी के साथ पढकर ग्र थ, ग्र थकार, रचना-सवत, रचना-स्थल, लिपिकार, लिपि-सवत, लिपि-स्थल आदि का पता लगाना होता है। कभी-कभी एक ही पत्र मे एक से अधिक रचनाएँ लिपिबद्ध मिलती हैं। थोडी सी भी प्रमाद की स्थिति, लिपि की अस्पष्टता व लिपि-पढने की लापरवाही से अनेक भ्रातियो व अशुद्धियो की परम्परा चल पडती है। कभी लिपिकार को रचनाकार समझ लिया जाता है, कभी लिपि-सवत को रचना-सवत। रचना के अन्त मे दी गई प्रशस्तियों का बडा महत्त्व होता है। इनसे ग्र थ,ग्र थकार, रचना-सवत, लिपिकार, लिपि-सवत, लिपि-स्थल आदि की बहुमूल्य सूचनाएँ प्राप्त होती हैं। साहित्य के इतिहास-लेखन मे इन सूचनाओ का बडा महत्त्व होता है। रचना सवत के निर्देश मे कई स्थानो पर सामान्यत शब्दाक शैली का प्रयोग किया जाता है। इस शैली से ठीक परिचय न होने पर सवत-निर्धारण मे कई बार भूलें हो जाया करती हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि ग्र थ-सूची-कर्त्ता की दृष्टि बडी पैनी होनी चाहिए। उसमे अनुभव की गहराई व अभ्यास की निरन्तरता भी अपेक्षित है। सच पूछा जाय तो ग्र थ-सूची-कर्त्ता को एक सजग जौहरी की भाति प्रत्येक अक्षर और शब्द के नगीने को तराशना पडता है, उसकी काट-छाँट करनी पडती है।

प्रत्येक रचना से सम्बन्धित ऊपर लिखित जानकारी प्राप्त करने के बाद समग्र रचनाओ को वर्गीकृत करना पडता है। वर्गीकरण का यह कार्य जितना सरल दिखायी देता है, उतना ही दुरुह भी है। कई विषय और काव्य-रूप अन्य विषयो और काव्य-रूपो से इस तरह मिले दिखाई देते हैं कि उनको अलग-अलग वर्गों मे बाँटना बडा मुश्किल हो जाता है। इसका एक कारण तो यह है कि जैन साहित्यकारो ने काव्य-रूपो के क्षेत्र में नानाविध नये नये प्रयोग किये। एक ही चरित्र व कथा को अलग-अलग रूपो मे वर्णित किया। उन्होने प्रचलित सामान्य काव्य-रूपो को हूबहू स्वीकार न कर उनमे व्यापकता, लौकिकता और सहजता का रग भरा। संगीत को शास्त्रीयता के बन्धन से मुक्त कर विभिन्न प्रकार की लोकदेशियो को अपनाया। आचार्यों द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध-मुक्तक की चली आती हुई काव्य-परम्परा के बीच काव्य-रूपो के कई नये स्तर निर्मित किये। साथ ही काव्य विषय की दृष्टि से भी उन्हे नई भाव-भूमि और मौलिक अर्थवत्ता दी। उदाहरण के लिए वेलि, बारहमासा, विवाहलो, रासो, चौपाई सज्ञक विभिन्न काव्य-रूपो का परीक्षण किया जा सकता है।

डिंगल-परम्परा मे 'वेलि' सज्ञक काव्य सामान्यत वेलियो छद मे ही लिखा गया है पर जैन कवियो ने 'वेलि' काव्य को छद विशेष की इस सीमा से बाहर निकाल कर वस्तु और शिल्प, दानो दृष्टि से व्यापकता प्रदान की। 'बारहमासा' काव्य ऋतु काव्य रहा है जिसने नायिका एक-एक माह के क्रम से अपना विरह-निवेदन—प्रकृति के विभिन्न उपादानो के माध्यम से व्यक्त करती है। जैन कवियो ने 'बारहमासा' की इस विरह-निवेदन-प्रणाली को आध्यात्मिक रूप देकर इसे शृगार-क्षेत्र से बाहर निकाल कर भक्ति और वैराग्य

क्षेत्र तक आगे बढाया। 'विवाहलो' सज्ञक काव्य मे सामान्यतः नायक-नायिका के विवाह का वर्णन रहता है पर जैन कवियो ने इसे भी आध्यात्मिक रूप दिया है। इसमे नायक किसी स्त्री से परिणय न दिखाकर सयम श्री और दीक्षाकुमारी जैसी अमूर्त भावनाओ के साथ परिणय-भाव निभाता है। यहाँ 'रासो' केवल युद्धपरक वीरकाव्य का व्यजक न रह कर प्रेमपरक गेय काव्य का प्रतीक बन गया है। 'सधि' शब्द अपभ्रश महाकाव्य के सर्ग का वाचक न रह कर विशिष्ट काव्य विधा का ही प्रतीक बन गया है। 'चौपाई' सज्ञक काव्य चौपाई छन्द मे ही बधा न रह कर, जीवन की व्यापक चित्रण-क्षमता का प्रतीक बनकर छन्द की रूढ़-कारा से मुक्त हो गया है।

काव्य-रूपो के इन विभिन्न प्रयोगों से यह लाभ हुआ कि काव्य रूपो की गतानुगतिक परम्परा शास्त्रीयता के बन्धन से सहजता की ओर, रूढ़िबद्धता से लौकिकता की ओर और बने बनाये साचो से बाहर निकल कर लोक-जीवन के व्यापक सास्कृतिक परिवेश की ओर बढी, प्रवाहित हुई।[1] पर उन अलग-अलग रूपो के साथ जो वैशिष्ट्य बधा हुआ था, वह ओझल होगया।

प्रस्तुत ग्र थ-सूची तैयार करते समय हमे ऊपर निर्दिष्ट सभी कठिनाइयो से गुजरना पडा। सावधानी रखते हुए भी हम नही कह सकते कि यह सूची अशुद्धियो से सर्वथा मुक्त है। मुद्रण सम्बन्धी अशुद्धियाँ भी इसमें रह गई हैं। अशुद्धियो के परिहार के लिए ही हमने अन्त मे शुद्धि-पत्र दिया है। विद्वानो और अनुसधित्सुओ से निवेदन है कि वे ग्र थ का उपयोग करते समय शुद्धि-पत्र का अवलोकन अवश्य कर लेने की कृपा करें।

इस ग्र थसूची मे समाविष्ट रचनाओं को वर्गीकृत करने की समस्या हमारे सामने भी आई। हमने अध्ययन की सुविधा को ध्यान मे रखकर समग्र रचनाओ को पन्द्रह वर्गों मे विभक्त किया है। ये वर्ग निम्नलिखित है—

(१) स्तुति-स्तोत्र वन्दनादि, (२) कथा-काव्य-चरितादि, (३) उपदेश-नीति-वैराग्यादि, (४) जैनागम, (५) जैन प्रकरण, (६) मत्र-तत्रादि, (७) ज्योतिष, (८) भूगोल-खगोलादि, (९) गणितादि, (१०) इतिहास, (११) आयुर्वेद, (१२) रसालकार छन्दशास्त्रादि, (१३) कोश, (१४) व्याकरण और (१५) प्रकीर्णक

स्तुति-स्तोत्र-वन्दनादि वर्ग मे कुल ६०१ रचनाएँ समाविष्ट हैं। इस वर्ग मे स्तुति, स्तोत्र, वन्दन, गीत, स्वाध्याय, सज्झाय, ढाल, आरती, गुण, सलोको, थुई, छद, गुणमाला, रास, विनति, आरती, प्रभाती, नवकार, अष्टक आदि कई काव्य रूप सम्बन्धी रचनाएँ सकलित हैं। इन रचनाओ मे तीर्थंकर, विहरमान, साधु-साध्वी, गुरू, आचार्य आदि महान चरितात्माओ का गुणानुवाद करते हुए उनके प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त किया गया है।

कथा-काव्य चरितादि वर्ग मे कुल ८७८ रचनाए समाविष्ट है। इस वर्ग मे चौपी, चौपई, चौपाई, सधि चरित्र, चौढालिया, पचढालिया, ऋद्धि, चतुष्पदी, प्रश्न, प्रबन्ध, दूहा, फाग, मगल, लावणी,

---

१ साहित्य के त्रिकोण डॉ० नरेन्द्र भानावत पृ० २५०

भव, वखाण, आख्यान, रास, रासो, नवरासा आदि विविध सज्ञक काव्य रूप सकलित है । इन रचनाओ मे महान चरितात्माओ के विविध जीवन-प्रसगो को आख्यान रूप मे गाया गया है ।

उपदेश-नीति-वैराग्यादि वर्ग मे कुल ६२० रचनाएँ समाविष्ट हैं । इस वर्ग मे पच्चीसो, बत्तीसी, छत्तीसी, बावनी, सित्तरी, कडा, सवाद, उपदेश, साक्षी, चेतावनी, भावना, सीख, शिक्षा, सुभाषित आदि विविध सज्ञक काव्य रूप सकलित हैं । इन रचनाओ मे नीति-वैराग्यादि का उपदेश दिया गया है ।

जैनागम वर्ग मे १७४ रचनाएँ समाविष्ट हैं । इन रचनाओ मे जैनागम अपने मूल रूप मे, टब्बा अथवा बालविबोध के रूप मे सकलित हैं । जैन प्रकरण वर्ग मे ८४३ रचनाएँ समाविष्ट हैं । ये रचनाएँ थोकडा, सारिणी, भागा, वासठिया, वोल, नाम, अधिकार, भाषा, विवरण, ठाणा, विधि, चर्चा, द्वार, सख्या, वृत्ति, पृच्छा, अछेरा, प्रकरण, सग्रह, पाटी, पाना, सत्र आदि रूपो मे मिलती हैं । इनका सम्बन्ध मुख्यत: जैन विद्या से है ।

मत्रतत्रादि वर्ग मे ८, ज्योतिष वर्ग मे ५५, भूगोल खगोलादि वर्ग मे १६, गणितादि वर्ग मे ५, इतिहास वर्ग मे ३१, आयुर्वेद वर्ग मे ४, रसालकार छन्दशास्त्रादि वर्ग मे १४, कोश वर्ग मे ४, व्याकरण वर्ग मे ११ और प्रकीर्णक वर्ग मे १४३ रचनाएँ समाविष्ट हैं ।

इस प्रकार इस ग्रथ-सूची मे कुल मिलाकर ३७१० रचनाओ का विवरणात्मक परिचय प्रस्तुत किया गया है ।

रचनाओ का परिचय प्रस्तुत करते समय हमने प्रत्येक रचना के सम्बन्ध मे चौदह प्रकार की जानकारी देने का प्रयत्न किया है जो इस प्रकार है—

(१) क्रमाक, (२) ग्रथाक, (३) पुष्ठाक, (४) ग्रथ-नाम, (५) ग्रथकार, (६) रचना-सवत, (७) रचना-स्थल, (८) लिपिकार, (९) लिपि-सवत, (१०) लिपि-स्थल, (११) भाषा, (१२) छद-सख्या, (१३) पत्र-सख्या और (१४) आकार ।

'क्रमाक,' वर्ग विशेष मे समाविष्ट रचनाओ का क्रम सूचित करते है । 'ग्रथाक' से ग्रथ विशेष के उस क्रम का बोध होता है जो भडार के सामान्य सूचीपत्र मे (General Catalogue) उस ग्रथ विशेष के लिए अकित है । ग्रथाक के नीचे का अक यह सूचित करता है कि अमुक रचना सामान्य सूचीपत्र मे निर्देशित ग्रथाक की इस क्रम की रचना है । पुष्ठाक से यह सूचित होता है कि अमुक रचना इस अक के पुष्ठे मे सुरक्षित है । पुष्ठाक के नीचे का अक पुष्ठे मे रखी हुई रचना के क्रम को बतलाता है ।

इस बात को स्पष्ट करने के लिए स्तुति-स्तोत्र वन्दनादि वर्ग के क्रमाक ९ की रचना 'अजितनाथ स्तवन' लीजिये । इस रचना का क्रमाक ९ यह सूचित करता है कि प्रस्तुत रचना स्तुति-स्तोत्र-वन्दनादि वर्ग की ९ वी रचना है । इस रचना का ग्रथाक $\frac{१७५४}{२}$ यह सूचित करता है कि

यह रचना भडार के सामान्य सूचीपत्र (General Catalogue) की १७५४ वी रचना है। इसके नीचे का अक २ यह बताता है कि यह रचना १७५४ वे नम्बर की दूसरी रचना है। अर्थात् १७५४ वे क्रम की हस्तलिखित प्रति मे एक से अधिक रचनाए लिपिबद्ध हैं। जिनमे यह रचना दूसरे क्रम की रचना है। इस रचना का पुष्ठाक ४४ यह सूचित करता है कि यह रचना ४४ नम्बर के पुष्ठे मे रखी हुई है। इसके नीचे का अक २४ यह बताता है कि यह रचना ४४ नम्बर के पुष्ठे मे २४ वें स्थान पर रखी हुई है। दूसरे शब्दो मे पुष्ठाक का ऊपरी अक पुष्ठे के नम्बर का सूचक है जबकि नीचे का अक उसी पुष्ठे मे रखी गई रचना के क्रम का वाचक है।

भाषा के अन्तर्गत जहाँ हमने 'हिन्दी-राज०' या 'हिन्दी-ब्रज' शब्द का प्रयोग किया है वहाँ हमारा लक्ष्य इस भाव को व्यजित करने का रहा है कि ग्रथ की भाषा सर्वसामान्य दृष्टि से हिन्दी के अन्तर्गत आने वाली भाषा विशेष से है। 'छन्द-सख्या' के अन्तर्गत हमने रचना-विशेष की जो छन्द-सख्या निर्देशित की है वह किसी आधारभूत एकरूपता को लेकर नहीं। जिस रचना की पाडुलिपि मे जो छद सख्या लिखित मिलती है, वही हमने अकित कर दी है। यह सख्या किसी प्रति मे दोहे की सूचक भी हो सकती है, किसी मे सवैया या चौपाई को भी। जिस पाडुलिपि मे ढालें हैं वहाँ हमने ढाल लिख दिया है। जिन पाडुलिपियो मे छद सख्या का उल्लेख नही है, उन रचनाओ के परिचय मे यह खाना रिक्त छोड दिया गया है। 'पत्र सख्या' सामान्यतः उन्ही पाडुलिपियो की दी गई है जिनमे एक से अधिक रचनाए नहो हैं। उदाहरण के लिए उक्त 'अजितनाथ स्तवन' रचना की पत्र-सख्या नही दी गई है क्योंकि सामान्य सूचीपत्र की इस पाडुलिपि मे एक से अधिक रचनाएँ हैं। 'पत्र' से यहा तात्पर्य पृष्ठ विशेष से न होकर पन्ने (अर्थात् दो पृष्ठ) से है। 'आकार' मे हमने पाडुलिपि की लम्बाई, चौडाई के साथ-साथ प्रति पृष्ठ मे कितनी पक्तिया हैं व प्रति पक्ति मे कितने अक्षर हैं, इसका विवरण दिया है। उदाहरण के लिए उक्त 'अजितनाथ स्तवन' रचना का आकार दिया है—$\frac{१७.८ \times १०.२}{१७-३२}$। इसका तात्पर्य है कि इस रचना की पाडुलिपि १७.८ से० मी० लम्बी व १०.२ से० मी० चौडी है। इसके प्रति पृष्ठ मे १७ पक्तिया हैं व प्रति पक्ति मे ३२ अक्षर हैं। पक्ति व अक्षर की गणना औसतन समझनी चाहिये।

शोधार्थियो की सुविधा के लिए हमने जिन ग्रथो मे ग्रथकारो के सम्बन्ध की प्रशस्तियां मिलती हैं उन ग्रथो के क्रमाक से पूर्व 'प्र०' लिख दिया है और जिन ग्रथकारो या लिपिकारो से सम्बन्धित ये प्रशस्तिया हैं उनके नीचे भी 'प्र०' लिख दिया है उदाहरण के लिए कथा-काव्यचरितादि वर्ग के क्रमाक ३ पर अकित 'अजना ने हनुमानजी नी चोपाई (हनुमत चरित्र) ग्रथ के रचयिता भुवनकीर्ति व लिपिकार भुवनसागर के सम्बन्ध मे प्रशस्तिया मिलती हैं। इसलिए क्रमाक ३ से पूर्व 'प्र०' लिख दिया गया है तथा भुवनकीर्ति व भुवनसागर के नीचे भी 'प्र०' निर्देशित है। कही-कही ये चिन्ह लगने से रह भी गये हैं।

ग्रन्थ-सूची को अधिकाधिक उपयोगी बनाने के लिए अन्त मे ६ परिशिष्ट दिये गये हैं। 'ग्रन्थकार' परिशिष्ट से कई ऐसे ग्रथकारो का पता चलता है जो साहित्य के इतिहास मे अब तक अज्ञात रहे हैं और इस ग्रथ द्वारा पहली बार प्रकाश मे आ रहे हैं। 'लिपिकार' परिशिष्ट से कई विशिष्ट लिपिकारो के सम्बन्ध मे जानकारी मिलती है। इन लिपिकारो मे कई विशिष्ट सत और आर्याए भी हैं। प्रमुख सन्तो मे सर्व श्री जिनहर्ष, जिनरग सूरि, कनीराम, जयमल, ज्ञानसार, दुर्गादास, तिलोकऋषि, भुवनसागर, भोजराज ऋषि, रिख वीरचन्द, रिख शोभाचन्द, हमीरमल, हरजीऋषि आदि उल्लेखनीय हैं। प्रमुख आर्याओ मे सर्व श्री उदाजी, किसनाजी, कुशलाजी, केसरजी, गगाजी, गुमानाजी, चतराजी, चनणाजी, छगनाजी, जेत जी, ज्ञानाजी, दलूजी, नगाजी, पन्नाजी, फूलाजी, लाछाजी, सरसाजी आदि के नाम महत्त्वपूर्ण हैं। इन चरितात्माओ के लिपि-दर्शन का पुण्य लाभ भी इन ग्रथो के अवलोकन से सहज ही किया जा सकता है। 'रचना–स्थल' और 'लिपि-स्थल' के परिशिष्ट उन विशेष गावो और नगरो की जानकारी देते हैं जो उक्त चरितात्माओ की जीवन-साधना से किसी न किसी रूप मे सम्बद्ध रहे है।' 'प्रशास्तियों' से सम्बन्धित परिशिष्ट विशेष महत्त्वपूर्ण है। इसमे ८३ ग्रन्थो से सम्बन्धित ग्रन्थकारो और लिपिकारो की प्रशस्तियाँ मूल रूप से दी गई हैं। इनके अवलोकन से इन ग्रथकारो व लिपिकारो के जीवन परिचय के सम्बन्ध मे कई मूल्यवान सूचनाए मिलती हैं जिनका साहित्यिक एव धार्मिक इतिहास-लेखन मे बडा उपयोग किया जा सकता है। पाठको की सुविधा के लिए परिशिष्ट ६ व ७ मे अकारादि क्रम से उन ग्रन्थकारो व लिपिकारो की सूची दी गई है जिनसे सम्बन्धित प्रशस्तिया परिशिष्ट ५ मे सकलित हैं। अन्त के दो परिशिष्टो मे इस ग्रन्थ मे सकलित महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक रचनाओ की सूची व शुद्धि—पत्र दिया गया है।

ग्रन्थ-सूची के निर्माण मे ज्ञान-भडार के कार्यकर्ता श्री मोतीलाल गाधी व प० ईश्वरी प्रसाद ने जो सहयोग दिया उसे विस्मृत नही किया जा सकता। प्रेस कॉपी बनाने, अनुक्रमणिका तैयार करने व प्रशस्तियो के प्रतिलेखन आदि मे सहधर्मिणी स्नेहमयी शान्ता भानावत, एम. ए. ने जो सहयोग दिया, उसके लिए धन्य-वाद देकर मैं उनके गौरव को कम नही करना चाहता।

राजस्थान विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष डा० सत्येन्द्र तथा प्राचीन भाषा और साहित्य के गवेषक विद्वान श्री अगरचन्द नाहटा ने प्रस्तावना व भूमिका लिखकर ग्रथ का जो गौरव और महत्त्व बढ़ाया है, एतदर्थ हम उनके प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। श्रद्धेय आचार्य श्री हस्तीमलजी म सा. ने प्राक्कथन के रूप मे जो अपना शुभाशीर्वाद दिया है, उसके लिए हम उनके अत्यन्त कृतज्ञ हैं। उन्ही की सतत प्रेरणा से ज्ञान भडार निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। ग्रन्थ को इस रूप मे प्रकाशित करने का श्रेय ज्ञान भडार के उत्साही व्यवस्थापक श्री सोहनमल कोठारी को है। उनकी लगन और सेवा भावना को देखते हुए लगता है कि हम ग्रन्थ सूचियो के अन्य भाग भी शीघ्र ही विद्वानो की सेवा मे प्रस्तुत कर सकेंगे।

आशा है, यह ग्रन्थ-सूची विद्वानो, शोधार्थियो और साहित्य-प्रेमियो के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी ।

यदि इसके माध्यम से साहित्य—जगत् की किंचित् भी श्री वृद्धि हुई तो मैं अपने परिश्रम को सार्थक समझूंगा ।

डॉ० नरेन्द्र भानावत, एम.ए., पी एच डी.
मानद निर्देशक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भंडार, जयपुर
तथा
प्राध्यापक, हिन्दी विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

शान्तायन
सी—२३५ ए, तिलकनगर,
जयपुर—४
२६ जनवरी, १९६९

प्रस्तावना

कर्नल टॉड ने 'ट्रेविल्स इन वेस्टर्न इण्डिया' मे 'अरगहिलवाड़ा' के वर्णन मे पोथीखाने के सम्बन्ध मे लिखा है—

"अब हम दूसरे विषय पर आते हैं-वह है पोथी-भण्डार अथवा पुस्तकालय, जिसकी स्थिति, मैंने उसका निरीक्षण किया उस समय तक, बिल्कुल अज्ञात थी। यह भण्डार नए नगर के उस भाग मे तहखानो मे स्थित है जिसको सही रूप में अरगहिलवाडा का नाम प्राप्त हुआ है। इसकी स्थिति के कारण ही यह अल्ला (उद्दीन) की गिद्ध दृष्टि से बचकर रह गया अन्यथा उसने तो इस प्राचीन अरवार मे सभी कुछ नष्ट कर दिया था। यह सग्रह खरतरगच्छ की सम्पत्ति है, जिसमे आम्र और हेम 'श्रीपूज' थे। • मेरी यात्रा से कितने ही वर्षों पूर्व मुझे इस भण्डार की स्थिति का पता मेरे गुरुजी से लग चुका था और वे भी मेरे ही समान अपने सशय का दूर करने के लिए उत्सुक थे। वहाँ पहुँचते ही सब से पहले वे 'भण्डार की पूजा' करने के लिए जा पहुँचे। यद्यपि उनकी सम्मान पूर्ण उपस्थिति ही कुलूफ (मोहर) तो उनके लिए पर्याप्त थी परन्तु नगर सेठ के आज्ञा- पत्र बिना कुछ नही हो सकता था। पचायत बुलायी गयी और उसके समक्ष मेरे यति ने अपनी पत्रावली (पट्टावली ?) अथवा हेमचन्द्र की आध्यात्मिक शिष्य परम्परा मे होने का वशवृक्ष उपस्थित किया, जिसको देखते ही उन लोगो पर जादू का सा असर हुआ और उन्होने गुरुजी को तहखाने मे उतर कर युगो पुराने भण्डार की पूजा करने के लिए आमंत्रित किया। सूची की एक वडी पोथी है और इसको देखकर इन कमरो मे भरे हुए ग्रन्थो की सख्या का जो अनुमान मुझे उन्होने बताया उसे प्रकट करने मे मुझे अपनी एव मेरे गुरु की सत्य-शीलता को सदेह मे डालने का भय लगता है।

ये ग्रथ सावधानी से सदूको मे रखे हुए हैं जो मुग्द अथवा कग्गर की लकडी (Caggarwood) के बुरादे से भरे हुए हैं। यह मुग्द का बुरादा कीटाणुओ से रक्षा करने का अचूक उपाय है। भण्डार को देखकर जब वृद्ध गुरु मेरे पास वापिस आए तो उनके आनन्द की कोई सीमा न थी। परन्तु सूची मे और सदूको की सामग्री मे बहुत अन्तर था" ....

टॉड ने आगे कहा है—

"जब तक अरगहिलवाडा के भूगर्भ स्थित 'भण्डार' मे हमारी कुछ गति न हो जाय, जैसलमेर के ओसवालो के विषय मे विशेष ज्ञान एव वहाँ के ग्रथ भण्डार मे जहाँ पट्टरग के भण्डार जितनी ही सख्या मे और सम्भवत. अधिक महत्त्वपूर्ण ग्रथ विद्यमान है, हमारी पहुँच न हो जाय, और सबसे वडी वात यह कि

जब तक जनमत के बडे-बडे आदमियो एव ग्र थपालो मे हमारा कुछ परिचय न हो जाय तब तक हम इस स्थिति मे नही पहुँच सकते कि जैनो की बौद्धिक सपदा के विषय मे कोई प्रशसा कर सकें।" पृ० २४६-२४८।

टॉड ने इससे पहले लिखा है—

"मै फिर कहूँगा कि इस प्रकार के अर्थहीन अनुमान (कि हिन्दुओ के यहाँ इतिहास की पुस्तकें नही) लगाने मे प्रवृत्त होने से पहले हमे जैसलमेर और अणहिलवाडा के जैन ग्र थ भण्डारो और राजपूताना के राजाओ तथा ठिकानेदारो के अनेक निजी सग्रहो का अवलोकन कर लेना चाहिए।" पृ० १६०

टॉड ने जैसलमेर के संबध मे आगे बताया है—

"लोगो को परिश्रम के लिए प्रोत्साहित करने के निमित्त मै एक बात फिर कह दू, जो साधारणतया बारबार नही कही जा सकती, कि मैने जैसलमेर से कागज और ताडपत्र की कितनी ही प्रतियाँ प्राप्त करली थी, ताडपत्र की प्रतियाँ तो तीन, पाँच और आठ शताब्दियो तक पुरानी हैं, जो रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के पुस्तकालय की आलमारियो मे अछेड पडी हुई अब भी शोभा बढा रही हैं।" पृ० २४६

टॉड महोदय ने आगे खम्भात के प्रसग मे यह भी कहा है—

"जिस प्रकार अन्यत्र जहाँ-जहाँ जैनो की जनसख्या अधिक होती है वहाँ ग्र थ भण्डार होते हैं, इसी प्रकार यहाँ भी इस जाति का एक महत्त्वपूर्ण ग्र थ भण्डार है।" पृ० २६४

टॉड ने खभात मे जिस जैन ग्र थ-भंडार का उल्लेख किया है वह "शान्तिनाथ ग्र थ भडार" है। राजशेखर सूरि ने अपने प्रबध मे लिखा है कि इस भडार की स्थापना करने मे तत्कालीन महामान्य वस्तुपाल तेजपाल ने ३००,०००द्रव्य व्यय किया था। इस भण्डार मे 'धर्माभ्युदय काव्य' की एक ताडपत्रीय प्रति है जिस पर स्वय वस्तुपाल के हस्ताक्षर मौजूद हैं। इस भडार के ग्र थो की एक सूची पीटर्सन ने तैयार करके १८२२–२३ ई० मे प्रकाशित की थी। तदनन्तर ज्ञान-भण्डार के मन्त्रियो की ओर से एक सूची १६४२ ई० मे निकली और गायकवाड ओरियण्टल सीरीज मे लिस्ट का प्रथम भाग १६६१ ई० मे प्रकट हुआ है। इनमे कहा गया है कि पीटर्सन के अनुसार बहुत से ग्र थ अब नही मिल रहे हैं।

कर्नल टॉड के उक्त कथनो से हमे स्पष्ट विदित होता है कि १८२२–२३ मे आज से १४५ वर्ष पूर्व कर्नल टॉड को जैसलमेर तथा पाटन के कुछ जैन ग्र थ भडारो का पता लगा था, उसे यह भी विदित था कि राजाओ और ठिकानेदारो के भी अपने ग्र थ भडार हैं। वस्तुत जैन ग्र थ-भडारो से वह बहुत प्रभावित हुआ था। पाटन का ग्र थ भडार जो टॉड के गुरु यति ज्ञानचद्र ने देखा था। यह एक विशाल ग्र थ भडार था। यह भूगर्भ-स्थित था और इसी कारण अलाउद्दीन के आक्रमण के समय नष्ट भ्रष्ट होने से बच गया था। टॉड की सम्मति मे जैसलमेर का जैन भडार पाटन से भी बडा था।

पाटण के ग्रथ भंडार मे ग्र थो की सूची थी। यति जी ने टॉड साहब को यह सूचना दी कि

सूची मे दिये सभी ग्र थ भडार मे नही थे । खम्भात के ग्र थागार के सम्बन्ध मे भी २० वी शती मे यह बताया गया कि पहले पीटर्सन ने जो सूची छपवायी थी, उसकी सभी पुस्तके दूसरी सूची बनाते समय प्राप्त नही थी। इन दोनो घटनाओ से यही विदित होता है कि इन भडारो से पुस्तको की चोरी होती रहती थी ।

फिर भी इसमे कोई सदेह नही कि सन् १८२२–२३ के आसपास इन भडारो की सुरक्षा के भी कडे प्रबध थे । इनका खुलना भी सरल नही था, और पुस्तक मिलना भी कठिन ही था ।

कर्नल टॉड को यह भी विदित था कि जहाँ भी जैनियो की सख्या कुछ अधिक रही है, वही ग्र थागार स्थापित किये गये थे ।

टॉड के समय मे साहित्य-इतिहास सम्बन्धी जागरण की एक लहर चली थी, और उसी में कितने ही विदेशी विद्वानो ने जैनियो के गुप्त भडारो से कुछेक ग्र थ बाहर निकाले, एक-दो भडारो की सूचियाँ भी बनायी ।

मुनि पुण्यविजय जी लिखित 'भारतीय जैन श्रमण सस्कृति अने लेखनकला' नाम की गुजराती पुस्तक से हमे विदित होता है कि जैनियो मे समझदार बुद्धिमान लोगो की यह प्रवृत्ति थी कि वे प्राचीन आचार्यो की कृतियो का पठन पाठन करना चाहते थे, वे शास्त्रो को पढना-समझना चाहते थे, ज्ञान भक्ति का रहस्य जानना चाहते थे और इस निमित्त ग्र थ भडारो की स्थापना भी करना चाहते रहे थे । इस प्रवृत्ति के निमित्त पुस्तक-लेखन को भी महत्त्व मिल गया था । इस सबध मे श्रीमान सूराचार्य ने 'दानादि प्रकरण' मे पाचवे 'अवसर' मे पुस्तक-लेखक के सबध मे जो लिखा वह दृष्टव्य है—

"ये लेखयन्ति सकल सुधियोऽनुयोग शब्दानुशासनम शेष मल कृतीश्च ।
छन्दासि शास्त्रामपट च परोपकारसम्पादनैक निपुणा पुरुषोत्तमास्ते ॥६४॥
किं कितैर्न कृत ?न कि विवपित ? दान प्रदत्तं न कि ?
केवाऽऽपन्न निवारिता तनुमतां मोहार्णवे मज्जताम् ॥६५॥
नो पुण्य किमुपार्जितं ? किमु यशस्तारं न विस्तारित ?
तत्कल्याण कलापकारणमिदं यै शासनम् लखितम् ॥६६॥

पुस्तक-लेखन तथा पुस्तक लिखवाने दोनो का महत्त्व बढा, साथ ही पुस्तके लेने या खरीदने को भी महत्त्वपूर्ण माना गया । पुस्तक लिखने, लिखवाने तथा सग्रहालयो की स्थापना से नाना प्रकार से यश और नाम भी होता ही था ।

जैन धर्म मे तो श्रावको के लिए पुस्तक लिखना नित्य कर्मो मे भी सम्मिलित कर दिया गया था ।

११ वी शती के लगभग से तो हमे जैन ग्र थागारो की स्थापना के लिए महत् प्रयत्न होते मिलते हैं। 'प्रभावक चरित्र हेमचन्द्र प्रबध' मे इस बात का उल्लेख है—

राज्ञ पुर. पुरोगैश्च विद्वद्भिर्वाचित तत
चक्रे वर्षत्रय वर्ष (यावत्), राज्ञा पुस्तक लेखने ।।१०३

राजा देशान्तियुक्तैश्च, सर्वस्थानेभ्य उद्यतै
तदा चाहूय सच्चक्रं, लेखकाना शतत्रयम् ।।१०४।।

पुस्तका समलेखन्त, सर्व दर्शनिनातत ।
प्रत्येक मेवादीयन्ताध्ये तृणामुद्यमस्पृशाम् ।।१०५।।

इसमे स्पष्ट कथन है कि सिद्धराज जयसिंह ने तीन सौ लेखक नियुक्त करके प्रचुर साहित्य की प्रतिलिपियाँ कराके राजकीय ग्रंथागार स्थापित किया था। कुमारपाल के समय मे भी प्रचुर लखन कार्य हुआ ।

राजाओ को ही नही, कुछेक मन्त्रियो को भी इस काल मे पुस्तके लिखवाने तथा ग्रथागार स्थापित कराने का शौक था । वस्तुपाल तेजपाल ने खभात मे विशाल ग्रथागार स्थापित कराया था ।

